भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 590
बुधवार, 20 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

एस-बैंड डॉपलर मौसम रडार

590. श्री दयानिधि मारन:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) को आईएसटीआरएसी की देखरेख में सामान्य संचालन के लिए सौंपे गए एस-बैंड डॉपर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) चेन्नई की मरम्मत की स्थिति क्या है;

(ख) क्या पुर्जों के निर्माण और संस्थापना का कार्य शुरू हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा है;

(ग) क्या डीडब्ल्यूआर की समस्याओं का विश्लेषण करने के लिए कोई रिपोर्ट तैयार की गई या मंत्रालय इसरो या आईएसटीआरएसी के पास उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(घ) मंत्रालय द्वारा बेहतर अवसंरचना की स्थापना और क्षेत्रीय केंद्रों पर उपलब्ध अवसंरचना और प्रौद्योगिकी के विकास में राज्य सरकारों की सहायता के लिए क्या कदम उठाए गए है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) चेन्नई के एस-बैंड डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) की मरम्मत के संबंध में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 20.04.2022 को एक एजेंसी को स्लियू रिंग बेयरिंग (SRB) बदलने के लिए कार्य आदेश जारी किया गया। एजेंसी ने 13.05.2022 को पुराने SRB को हटाकर नए निर्मित SRB के साथ क्रॉस-वेरिफाई कर लिया है।

(ख) SRB निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। इसके बाद, फर्म द्वारा शिपिंग, परीक्षण और स्थापना कार्य किया जाएगा।

(ग) SRB- नेटवर्क फॉल्ट मॉनिटरिंग विवरण ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इसे https://ddgmui.imd.gov.in/radar/newRadarStatusLiveReport1.php लिंक के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।

(घ) तमिलनाडु राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने 22 अप्रैल 2022 को आईएमडी मुख्यालय का दौरा किया और राज्य के लिए आईएमडी के प्रेक्षण नेटवर्क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने के प्रस्ताव के संबंध में महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। इसके अलावा, महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य की पहल का समर्थन करने के लिए तकनीकी विनिर्देशनों, बजटीय कोटेशन, प्रस्तावों को अंतिम रूप देने, खरीद, स्थापना आदि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों की तीन टीमों का गठन किया है।

******